जनता की बात कहे.....!

# जन सामना



## साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार 2019 में कविता रही अव्वल

**नई दिल्ली, जन सामना ब्यूरो।** साहित्य अकादेमी ने आज 23 भाषाओं में अपने वार्षिक युवा पुरस्कार 2019 की घोषणा की। कविता की 11 पुस्तकों, कहानी की 6 पुस्तकों, 5 उपन्यासों और 1 साहित्यिक आलोचना की कृति को साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार 2019 से नवाज़ा गया।

23 भाषाओं के प्रतिनिधि लब्धप्रतिष्ठ सदस्यों की चयन समिति द्वारा अनुशंसित इन पुरस्कारों के लिए आज साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर कंबार की अध्यक्षता में साहित्य अकादेमी के कार्यकारी मंडल ने संस्वीकृति प्रदान की।

कविता विधा में जिन रचनाकारों को उनकी कृतियों के लिए पुरस्कार हेतु चुना गया, वे इस प्रकार हैं - रुजब मुशाहारी (बोडो), अनुज लुगुन (हिंदी), सागर नाज़िर (कश्मीरी), अनुजा अकथुट्टु (मलयाळम), जितेन ओइनाम्बा (मणिपुरी), सुशील कुमार शिंदे (मराठी), करन बिराहा (नेपाली), युवराज भट्टराई (संस्कृत), गुहिराम किस्कू (संताली), किरन परयाणी 'अनमोल' (सिंधी) और सबरीनाथन (तमिळ)।

कहानी विधा में जिन कहानीकारों का पुरस्कार हेतु चयन किया गया, उनमें शामिल हैं - संजीब पॉल डेका (असमिया), सुनील कुमार (डोगरी), तनुज सोलंकी (अंग्रेज़ी), अजय सोनी (गुजराती), हेमंत अइया (कोंकणी) और कीर्ति परिहार (राजस्थानी)।

उपन्यास विधा में पुरस्कृत कथाकार हैं - मोमिता (बाङ्ला), फकीर (श्रीधर बनवासी जी.सी.) (कन्नड), यदविंदर सिंह संधू (पंजाबी), गड्डम मोहन राव (तेलुगु) और सलाम अब्दुस समद (उर्दू)।

साहित्यिक आलोचना के लिए शिशिरा बेहेरा (ओडिया) का पुरस्कार हेतु चयन किया गया। मैथिली भाषा के लिए पुरस्कार शीघ्र की तिथियों में घोषित किए जाएँगे। प्रक्रिया के अनुसार, कार्यकारी मंडल ने चयन समिति द्वारा एकमत अथवा बहुमत से चुनाव के आधार पर पुरस्कारों की घोषणा की। ये पुरस्कार किसी लेखक, जिसकी उम्र पुरस्कार-वर्ष में 1 जनवरी को 35 वर्ष से कम हो, उसकी प्रकाशित पुस्तक पर दिए जाते हैं।

पुरस्कार विजेता को पुरस्कार-स्वरूप एक उत्कीर्ण ताम्र फलक तथा रु. 50000/- की राशि का चेक आने वाली किसी तिथि में एक विशेष कार्यक्रम में प्रदान किए जाएँगे।

# अनुज लुगन को मिला युवा साहित्य अकादमी, गोविंद शर्मा को बाल साहित्य पुरस्कार




नई दिल्ली।

-अ +अ

हिन्दी के चर्चित युवा कवि अनुज लुगन समेत 23 उभरते रचनाकारों को साहित्य अकादमी का युवा लेखक पुरस्कार दिया जाएगा जबकि इस वर्ष का बाल साहित्य पुरस्कार हिन्दी के गोविन्द शर्मा समेत 22 लेखकों को दिया जाएगा।

इसके अलावा बंगला की प्रसिद्ध लेखिका नवनीता देवसेन को बाल साहित्य में संपूर्ण योगदान के लिए यह पुरस्कार मिलेगा। इसके साथ ही 5 अन्य लेखकों को भी संपूर्ण योगदान के लिए यह पुरस्कार मिलेगा। उर्दू में मोहम्मद खलील जबकि संस्कृत में संजय चौबे इस पुरस्कार से नवाजे जाएंगे।

साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवास राव द्वारा शुक्रवार को यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार अध्यक्ष चन्द्रशेखर कम्बार की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक में इन पुरस्कारों को मंजूरी दी गई। लुगन की लंबी कविता की पुस्तक 'बाघ और सुगना मुंडा की बेटी' को यह पुरस्कार दिया जाएगा। इसके निर्णायकों में एकांत श्रीवास्तव अल्पना मिश्र और प्रोफेसर मोहन थे। अनुज को पुरस्कार में 50 हजार रुपए की राशि, एक प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह एक समारोह में दिया जाएगा।

शर्मा की बाल कहानी की किताब 'काचू की टोपी' के लिए बाल साहित्य अकादमी पुरस्कार 14 नवंबर को एक समारोह में दिया जाएगा। उनकी चयन समिति में डॉ. अचुत्यानंद मिश्र, हनुमान प्रसाद शुक्ल और नरेन्द्र मोहन थे। शर्मा को पुरस्कार में 50 हजार रुपए का चेक, प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया जाएगा।
मैथिली भाषा के लिए बाल साहित्य पुरस्कार की घोषणा की जाएगी।

विज्ञप्ति के अनुसार मैथिली के लिए युवा पुरस्कार की घोषणा बाद में होगी। इस बार युवा पुरस्कार पाने वालों में 11 कवि, 6 कहानीकार, 5 उपन्यासकार और 1 आलोचक शामिल है। अंग्रेजी के लिए यह पुरस्कार तनुज सोलंकी, राजस्थानी के लिए कीर्ति परिहार और उर्दू के लिए सलमान अब्दुस समद को मिलेगा।
सिन्धी में वीणा श्रृंगी, तमिल में देवी नच्चप्प, ओड़िया में बिरेन्द्र कुमार सामंत्रे, मलयालम में मलायाथ अप्पुनी और गुजरती में कुमारपाल देसाई को संपूर्ण योगदान के लिए बाल साहित्य पुरस्कार दिया जाएगा। (वार्ता)

# झारखंड के प्रसिद्ध युवा कवि अनुज लुगुन को युवा साहित्य अकादमी पुरस्कार दिये जाने की घोषणा

**By** Prabhat Khabar | Updated Date: Jun 15 2019 12:50PM



**रांची :** झारखंड के प्रसिद्ध प्रखर कवि अनुज लुगुन को युवा साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किये जाने की घोषणा हुई है. उन्हें यह पुरस्कार उनकी लंबी कविता 'बाघ और सुगना मुंडा की बेटी' के लिए दिया जा रहा है. पुरस्कार की घोषणा के बाद प्रभात खबर डॉट कॉम से बात करते हुए अनुज लुगुन ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का पल है. जिस कविता के लिए यह पुरस्कार दिया गया है, वह नये प्रयोग को स्थापित करेगी.

साहित्य अकादमी ने 23 भाषाओं में यह पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की है. अनुज लुगुन को हिंदी भाषा के लिए यह पुरस्कार दिया गया है. वर्तमान में वे सहायक प्रोफेसर, दक्षिण बिहार केंद्रीय विवि, गया में पदस्थापित हैं. वर्ष 2019 का साहित्य अकादमी पुरस्कार कविताओं के लिए 11, लघुकथाओं के लिए छह,उपन्यास के लिए पांच और साहित्यिक आलोचना के लिए एक रचनाकार को दिया गया है.

# अनुज लुगन को युवा साहित्य अकादमी, गोविंद शर्मा को बाल साहित्य पुरस्कार

By Ajay Kumar — On Jun 14, 2019

अभी-अभी | कविता | कहानियाँ



नयी दिल्ली। हिन्दी के चर्चित युवा कवि अनुज लुगन समेत 23 उभरते रचनाकारों को साहित्य अकादमी का युवा लेखक पुरस्कार दिया जायेगा जबकि इस वर्ष का बाल साहित्य पुरस्कार हिन्दी के गोविन्द शर्मा समेत 22 लेखकों को दिया जायेगा। इसके अलावा बंगला की प्रसिद्ध लेखिका नवनीता देवसेन को बाल साहित्य में संपूर्ण योगदान के लिए यह पुरस्कार मिलेगा। इसके साथ ही पांच अन्य लेखकों को भी संपूर्ण योगदान के लिए यह पुरस्कार मिलेगा। उर्दू में मोहम्मद खलील जबकि संस्कृत में संजय चौबे इस पुरस्कार से नवाजे जायेंगे। साहित्य अकादमी के सचिव के श्रीनिवास राव द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार अध्यक्ष चन्द्रशेखर कम्बार की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक में इन पुरस्कारों को मंजूरी दी गयी। श्री लुगन की लम्बी कविता की पुस्तक 'बाघ और सुगना मुंडा की बेटी' को यह पुरस्कार दिया जायेगा। इसके निर्णायकों में श्री एकांत श्रीवास्तव अल्पना मिश्र और प्रोफेसर मोहन थे। अनुज को पुरस्कार में 50 हजार रुपये की राशि, एक प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न एक समारोह में दिया जायेगा। श्री शर्मा की बाल कहानी की किताब 'काचू की टोपी' के लिए बाल साहित्य अकादमी पुरस्कार 14 नवम्बर को एक समारोह में दिया जायेगा। उनकी चयन समिति में डॉ अचुत्यानंद मिश्र, हनुमान प्रसाद शुक्ल और नरेन्द्र मोहन थे। श्री शर्मा को पुरस्कार में 50 हजार रुपये का चेक, प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया जायेगा। मैथिली भाषा के लिए बाल साहित्य पुरस्कार की घोषणा की जायेगी। विज्ञप्ति के अनुसार मैथिली के लिए युवा पुरस्कार की घोषणा बाद में होगी। इस बार युवा पुरस्कार पाने वालों में 11 कवि, छह कहानीकार , पांच उपन्यासकार और एक आलोचक शामिल है। अंग्रेजी के लिए यह पुरस्कार तनुज सोलंकी राजस्थानी के लिए कीर्ति परिहार और उर्दू के लिए सलमान अब्दुस समद को मिलेगा। सिंधी में वीणा श्रृंगी , तमिल में देवी नच्चप्प , ओडिया में बिरेन्द्र कुमार सामंत्रे , मलयालम में मलायाथ अप्पुनी और गुजरती में कुमारपाल देसाई को सम्पूर्ण योगदान के लिए बाल साहित्य पुरस्कार दिया जायेगा।

# हिंदी और उर्दू सहित 22 भाषाओं के लिए बाल साहित्य पुरस्कारों की घोषणा

By Digital Live News Desk | Updated Date: Jun 14 2019 10:42PM




**नयी दिल्ली :** साहित्य अकादमी ने हिंदी, अंग्रेजी और उर्दू सहित 22 भाषाओं के लिए 2019 के बाल साहित्य पुरस्कारों की शुक्रवार को घोषणा कर दी.

अकादमी द्वारा जारी बयान के अनुसार पिछले पांच साल में प्रकाशित बाल सहित्य से जुड़े 22 लेखकों की कृतियों को अकादमी के कार्यकारी मंडल ने पुरस्कार के लिए चुना है.

अकादमी के अध्यक्ष चंद्रशेखर कंबार की अध्यक्षता कार्यकारी मंडल की बैठक में हिंदी लेखक गोविंद शर्मा द्वारा लिखित कहानी 'काचू की टोपी' को बाल साहित्य पुरस्कार के लिए चुना गया है.

वहीं बाल साहित्यकार के रुप में हिंदी के अच्युतानंदन मिश्र, हनुमान प्रसाद शुक्ल और नरेन्द्र मोहन को यह पुरस्कार दिया जायेगा.

इसके अलावा साहित्यिक रचना श्रेणी में उर्दू लेखक मोहम्मद खलील की कहानी 'सांइस के दिलचस्प मजामीन' और अंग्रेजी में देविका करियप्पा की इतिहास पर आधारित रचना 'इंडिया थ्रू आर्केलोजी : एक्सवेटिंग हिस्ट्री' को बाल साहित्य पुरस्कार के लिए चुना गया है.

बाल साहित्यकार श्रेणी में अंग्रेजी लेखक हरीश त्रिवेदी, उर्वशी बुटालिया और कावेरी नामबिसन तथा उर्दू लेखक असद रजा, बलराज बख्शी और सैफी सरोंजी को 2019 के बाल सहित्य पुरस्कार से नवाजा जायेगा.

अकादमी ने स्पष्ट किया कि पुरस्कारों की सूची में मैथिली को छोड़कर अन्य सभी क्षेत्रीय भाषाओं को शामिल किया गया है. मैथिली भाषा के पुरस्कारों की बाद में घोषणा की जायेगी.

आगामी 14 नवंबर को बाल दिवस के अवसर पर पुरस्कार वितरण किया जायेगा. इसमें प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कार राशि के रूप में 50 हजार रुपये दिये जायेंगे.

अमर उजाला



# साहित्य अकादमी के तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल ने किया चयन

एजुकेशन डेस्क, अमर उजाला Updated Sat, 15 Jun 2019 11:49 AM IST




साहित्य अकादमी ने शुक्रवार को 22 बच्चों को बाल और 23 लेखकों को युवा साहित्य पुरस्कार देने की घोषणा की। अध्यक्ष प्रो. चंद्रशेखर कंबार की अध्यक्षता वाले कार्यकारी मंडल की बैठक में पुरस्कारों का चयन किया गया। पुरस्कार में एक उत्कीर्ण ताम्र फलक तथा 50 हजार रुपये का चेक दिए जाएंगे। अकादमी सचिव डॉ. के. श्रीनिवासराव के मुताबिक, बाल साहित्य पुरस्कार के लिए 22 अलग भाषाओं की पुस्तकें चुनी गई हैं। तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल ने 6 समग्र योगदान, 5 कहानियां, 5 कविताएं, 3 उपन्यास, एक इतिहास, एक नाटक और एक लोककथा की पुस्तक को चुना है। कार्यकारी मंडल ने निर्णायकों के बहुमत अथवा सर्वसम्मति के आधार पर चयनित पुस्तकों को स्वीकृत किया।

उन्होंने बताया कि युवा पुरस्कार के लिए चुनी गई कृतियों में 11 कविता, 6 कहानी, 5 उपन्यास और 1 साहित्यिक आलोचना शामिल हैं। कविता में रुजब मुशाहारी (बोडो), अनुज लुगुन (हिंदी), सागर नाज़िर (कश्मीरी), अनुजा अकथुट्टु (मलयालम), जितेन ओइनांबा (मणिपुरी), सुशील कुमार शिंदे (मराठी), करन बिराहा (नेपाली), युवराज भट्टराई (संस्कृत), गुहिराम किस्कू (संताली), किरन परयाणी अनमोल (सिंधी) और सबरीनाथन (तमिल) को चुना गया। कहानी के लिए संजीब पॉल डेका (असमिया), सुनील कुमार (डोगरी), तनुज सोलंकी (अंग्रेजी), अजय सोनी (गुजराती), हेमंत अइया (कोंकणी) और कीर्ति परिहार (राजस्थानी) को चुना गया। उपन्यास के लिए मोमिता (बाङ्ला), फकीर (श्रीधर बनवासी जी.सी.) (कन्नड), यदविंदर सिंह संधू (पंजाबी), गड्डम मोहन राव (तेलुगु) और सलाम अब्दुस समद (उर्दू) चुने गए। साहित्यिक आलोचना के लिए शिशिरा बेहेरा (ओडिया) चयनित हुए। बाल और युवा दोनों श्रेणियों में मैथिली भाषा के पुरस्कार की घोषणा नहीं की गई है।

# साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार : मराठी कविता के लिए सुशील कुमार शिंदे चयनित

June 14th, 2019 21:44 IST

महाराष्ट्र | महाराष्ट्र की खबरें | महाराष्ट्र हिंदी समाचार | महाराष्ट्र समाचार




**डिजिटल डेस्क, नई दिल्ली।** साहित्य अकादेमी ने शुक्रवार को अपने युवा पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। इसके तहत कविता की 11 पुस्तकों, कहानी की 6 पुस्तकों, 5 उपन्यासों और एक साहित्यिक आलोचना की कृति को साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार-2019 के लिए चुना गया है। पुरस्कार विजेता को पुरस्कारस्वरूप एक उत्कीर्ण ताम्र फलक तथा 50 हजार रूपये की राशि का चेक एक विशेष कार्यक्रम में प्रदान किए जाएंगे।

## हिंदी कविता के लिए अनुज लुगुन चुने गए

साहित्य अकादेमी के सचिव डॉ के श्रीनिवासराव ने बताया कि कविता विधा में जिन रचनाकारों को इस पुरस्कार के लिए चुना गया है उनमें सुशील कुमार शिंदे (मराठी), अनुज लुगुन (हिंदी), रूजब मुशाहारी (बोडो), सागर नाजिर (कश्मीरी), अनुजा अकथुट्टु (मलयालम), जितेन ओइनाम्बा (मणिपुरी), कनर बिराहा (नेपाल), युवराज भट्टराई (संस्कृत), गुहिराम किस्कू (संथाली), किरण परयाणी अनमोल (सिंधी) और सबरीनाथन (तमिल) का नाम शुमार है। सुशील कुमार शिंदे को उनकी मराठी कविता शहर आत्महत्या करायचा महंताय के लिए चुना गया है।

## कोंकणी कहानीकार हेमंत अइया भी होंगे पुरस्कृत

कहानी विधा में जिन कहानीकारों को इस पुरस्कार के चयन किया गया है उनमें हेमंत अइया (कोंकणी), संजीब पॉल डेका (असमिया), सुनील कुमार (डोंगरी), तनुज सोलंकी (अंग्रेजी), अजय सोनी (गुजराती) और कीर्ति परिहारा (राजस्थानी) का नाम है। उपन्यास विधा में पुरस्कृत कलाकार हैं मोमिता (बांग्ला), फकीर (कन्नड़), यदविंदर सिंह संधु (पंजाबी), गड्डम मोहन राव (तेलुगू) और सलाम अब्दुल समद (उर्दू)। साहित्यिक आलोचना के लिए शिशिरा बेहेरा (ओडिया) का पुरस्कार के लिए चुना गया है। पुरस्कार विजेताओं का चयन साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष डॉ चंद्रशेखर कंबार की अध्यक्षता वाली कार्यकारी मंडल ने किया है। केन्द्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री प्रह्लाद पटेल ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी है।

साहित्य अकादमी ने घोषित किए युवा पुरस्कार 2019, कविताओं का बोलबाला
https://aajtak.intoday.in/story/sahitya-akademi-announces-annual-yuva-puraskar-2019-poetry-dominates-1-1092969.html

झारखंड के चर्चित युवा कवि अनुज लुगुन को मिलेगा इस वर्ष का युवा साहित्य अकादमी पुरस्कार
https://hindi.newsd.in/famous-poet-of-jharkhand-anuj-lugun-selected-for-yuva-sahitya-akademi-purasakar-2019/

युवा कवि अनुज को युवा साहित्य अकादमी पुरस्कार
https://www.bhaskar.com/rajasthan/pali/news/rajasthan-news-youth-poet-anuj-gets-young-sahitya-akademi-award-103505-4778383.html

साहित्य़ अकादमी 23 युवकों को करेगी युवा पुरस्कार-2019 से सम्मानित
https://www.sanjeevnitoday.com/national/sahitya-akademi-honored-23-youths-with-youth-award2013/20190614/260766

हिंदी और उर्दू सहित 22 भाषाओं के लिये बाल साहित्य पुरस्कारों की घोषणा
https://www.prabhasakshi.com/national/announcement-of-child-literature-awards-for-22-languages-including-hindi-and-urdu

बाल साहित्य पुरस्कारों की घोषणा, हिंदी और उर्दू सहित 22 भाषाओं की कृतियों को चुना गया
https://www.lokmatnews.in/india/bal-sahitya-akademi-awards-announced-for-22-languages-including-hindi-and-urdu/

संगरिया| बाल साहित्यकार गोविंद शर्मा को केंद्रीय साहित्य अकादमी का बाल साहित्य पुरस्कार 2019 दिए जाने की घोषणा हुई...
https://www.bhaskar.com/rajasthan/hanumangarh/news/rajasthan-news-govind-sharma-will-receive-bal-sahitya-award-for-central-sahitya-akademi-080504-4786042.html